(ग) देश में पहले ही 1987 से एक राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम चल रहा है । इस राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण योजना को 1000 लाख अमरीकी डालर की लागत पर वित्तपोषित करने के लिए हाल ही में विश्व बैंक के साथ समझौता किया गया है ।

एड्स नियंत्रण परियोजना में अन्य बातों के साथ-साथ गर्भ निरोधकों की गुणवत्ता में वृद्धि करने संबंधी उपाय शामिल हैं, जिसमें हिन्दुस्तान लेटेक्स लिमिटेड द्वारा उनके उपर्युक्त प्रस्ताव में लिखित कुछ कार्यकलाप भी शामिल होंगे ।

खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम के अधीन दर्ज मामले

979. **श्री अजीत जोगी :**

कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 के अंतर्गत कितने मामले दर्ज किए गए ;

(ख) इसमें कितने व्यक्ति दोषी पाए गए तथा कितने लोगों को दंडित किया गया ;

(ग) क्या यह सच है कि 1989 में जांच हेतु लिए गए नमूनों की संख्या इससे पहले के तीन वर्षों के दौरान लिए गए नमूनों की संख्या से कम थी ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्रीमती डी. के. तारादेवी सिद्धार्थ) : उपलब्ध सूचना इस प्रकार हैं :—

(क) और (ख)

वर्ष	खाद्य अपमिश्रण अधिनिमय, 1954 के अंतर्गत चलाए गए अभियोजनों की संख्या (दर्ज मामले)	खाद्य अपमिश्रण अधिनियम 1954 के अंतर्गत दोषी पाए गए मामलों की संख्या
1988	9599	2576
1989*	8196	1990
1990**	4854	1352

(ग) और (घ) वर्ष 1986 से 1989 के दौरान जांचे गए नमूनों की संख्या इस प्रकार है :—

वर्ष	जांच किए गए नमूनों की संख्या
1986	1,21,969
1987	1,31,391
1988	1,30,390
1989*	1,22,599

*वर्ष 1989 की सूचना अनंतिम है क्योंकि हरियाणा और जम्मू और कश्मीर राज्यों से अभी तक कुछ स्पष्टीकरण की प्रतिक्षा की जा रही है ।

**वर्ष 1990 की सूचना अधूरी/अनंतिम हैं क्योंकि खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम, 1954 के कार्यकरण पर वार्षिक रिपोर्टों की हरियाणा, उडीसा, सिक्किम, तमिलनाड, और उत्तर प्रदेश राज्यों से अभी प्रतीक्षा की जा रही है। गोवा, जम्मू और कश्मीर तथा कर्नाटक से भी अभी कुछ स्पष्टीकरणों की प्रतीक्षा का जा रही है ।